B. Com - II MJC - Semester II

(1)

classmate
Date
Page

## Business Organisation & Mgt.

### Line and Staff Organisation - रेखा एवं कर्मचारी संगठन

Q:- रेखा एवं कर्मचारी संगठन से क्या समझते हैं। इसके विशेषताओं का वर्णन करें।

Ans - उपक्रम का आकार बढ़ने, क्रियाओं में विविधता आने, तकनीकी पेचीदगी बढ़ने एवं बाजार में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ने के कारण विभागीय अध्यक्ष दिन-प्रतिदिन का कार्य करते हुए विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य करें काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में उन्हें विशेषज्ञों की सलाह की जरूरत पड़ने लगी।

इस तरह उपक्रम में विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाने लगी जिससे लाइन प्रबन्धक कार्यभारी के रूप में काम करने लगे और स्टाफ कर्मचारी प्रबंधकों को विशिष्ट सलाह देने का काम करने लगे जिससे वे अपना सभी कार्य अधिक कुशलता से कर सकें। रेखा अधिकारी का विशेषज्ञों द्वारा सलाह मानने या न मानने का उनके ऊपर है।

लुईस ए. ऐलन के अनुसार — "रेखागत कार्य वे हैं जो उपक्रम के उद्देश्यों को पूरा करने के प्रति प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होते हैं।"

अतः इस परिभाषा से स्पष्ट है कि रेखा अधिकारियों पर संस्था के उद्देश्यों को प्राप्त करने का उत्तरदायित्व रहता है। विशेषज्ञों का कार्य सलाह देना होता है। मानना न मानना रेखा अधिकारी के ऊपर होता है।

मूने विशेषज्ञों के कार्य को सहायक कार्य मानते हैं।

लिंडाल एफ. उर्विक के अनुसार रेखा अधिकारी का कार्य "कार्य करना (To Act) तथा विशेषज्ञों का कार्य 'विचार करना' (To Think) है। अतएव ऐसा कोई भी प्रारूप जिसमें आदेश तथा परामर्श का समायोजन हो, उसे रेखा तथा स्टाफ संगठन कहा जा सकता है।

रेखा व कर्मचारी संगठन को निम्नलिखित चित्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।

संचालक मण्डल
↓
जनरल मैनेजर
↓
उत्पादन प्रबंधक
↓
रसायन विशेषज्ञ ← उत्पादन अधीक्षक → उत्पादन नियंत्रण विशेषज्ञ
↓
औजार विशेषज्ञ ← फोरमैन → विधि विशेषज्ञ
↓
श्रमिक

## रेखा एवं कर्मचारी संगठन की विशेषताएं →

(1) 'सोचने' व 'करने' का कार्य अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा किया जाता है।

(2) अधिकार का क्रम भी बना रहता है और साथ ही विशेषज्ञों का परामर्श भी प्राप्त हो जाता है।

(3) अधिकार तथा उत्तरदायित्व का प्रवाह ऊपर से नीचे की ओर सीधी रेखा में होती है तथा शिकायत सुझाव व निवेदन नीचे से ऊपर की ओर चलते है।

(4) स्टाफ को केवल परामर्श देने का अधिकार होता है। उन्हें आदेश देने या निर्णय लेने अथवा अपने निर्णय लागू करने के ~~अधिकारी~~ अधिकार नहीं होते उनके परामर्श को मानना या न मानना भी रेखा प्रबन्धकों की इच्छा पर निर्भर करता है।

(5) इस संगठन में भी आदेश की एकता रहती है क्योंकि यह कार्य तो रेखा अधिकारियों का ही रहता है।

(6) इस प्रारूप में रेखा तथा स्टाफ दोनों की सेवाएं उपलब्ध होती हैं।

(7) विशेषज्ञों का परामर्श वैज्ञानिक तथ्यों तथा वास्तविकता पर निर्भर करता है।

X ———————— X ———— X

Dr. Raj Kumar Prasad
Associate Professor
Deptt. of Commerce
Shershah College, SASARAM